महत्वपूर्ण एवं खास

मेकाहारा में बिना अनुमति चल रहा था भण्डारा, प्रबंधन ने लगाई रोक

रायगढ़। मेडिकल कालेज अस्पताल में परिसर में बिना परमिशन के लोगो को वेलेंटाइन डे के अवसर पर रोटी डे मनाये है जिसमे मरीज व उनके परिजन को कढ़ी चावल भंडारा लगाकरा कर बांटा जा रहा था जिसकी भनक लगते ही अस्पताल प्रबंधन ने उक्त भंडारा को रोकवाते हुए परिसर के बाहर बांटे जाने की हिदायत दिये हैं। मिली जानकारी के मुताबिक शहर के सामाजिक संस्थान द्वारा सुबह 11 बजे से अस्पताल परिसर में भंडारा लगाया गया था। जिसके लिए कोई लिखित व मौखिक अनुमति नहीं ली गई थी।इसकी भनक लगते ही मेकाहारा प्रबंधन के कान खड़े हो गये। आनन फानन में सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त भोजन भण्डारा को रोकवाया गया। जिसके पीछे अस्पताल प्रबंधन द्वारा भोजन ग्रहण करने के पश्चात कोई समस्या मरीज व उनके परिजन को आती है इसकी किसकी होगी कहकर भंडारा को बंद कराया है। वही इस पर जब जिम्मेदारी लेने की बात सम्बंधित समाजिक संस्था द्वारा तर्क वितर्क करते हुए साफ इंकार कर दिया।

सामूहिक अवकाश पर घूमने जाने वाले शिक्षकों का रूकेगा वेतन

रायगढ़। परीक्षा के दौरान स्कूल में पढ़ाई छोड़कर सामूहिक अवकाश पर घूमने जाने वाले शिक्षकों पर आखिरकार शिक्षा विभाग को कार्रवाई करनी पड़ी है। बिना अनुमति स्कूल से गायब रहने वाले 11 शिक्षकों के अवकाश अवधि का वेतन रोकने के लिए डीइओ ने आदेश जारी किया है और नोटिस का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने कहा है।

प्री बोर्ड परीक्षा को भगवान भरोसे छोड़कर पिकनिक पर राजस्थान जाने वाले शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। लेन्ध्रा के प्राचार्य समेत सभी नदारद शिक्षकों को डीइओ ने नोटिस देने के बाद उनकी अवकाश अवधि का वेतन भी रोक दिया है और मामले की जांच जल्द करने के निर्देश बीइओ को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि बरमकेला ब्लाक के शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल लेंध्रा में बीईओ के निरीक्षण के दौरान स्कूल के प्राचार्य समेत 11 शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए थे। जांच के दौरान पता चला था कि यहां प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंड्री तक कुल पदस्थ कुल 15 टीचर में से प्राचार्य समेत 11 शिक्षक घूमने के लिए राजस्थान गए हुए हैं लेकिन अवकाश की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को भी नहीं दी गई है और सभी के आवेदन प्रभारी प्राचार्य के टेबल पर मिला था।

दोस्त के साथ सड़क किनारे घायल मिला बस एजेंट, दोनों की हालत नाजुक

रायगढ़ । अंचल में लगातार सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है,जिसमें रोज कोई ना कोई हादसों में जान गवां रहे है तो कुछ लोग जख्मी होकर अपाहिज बन रहे है । इस क्रम में सरिया थाना क्षेत्र निवासी रवि सारथी उम्र नाकुल सारथी उम्र 31 वर्ष वार्ड क्रमांक 15 का रहवासी हैं। अपने साथी भारतभूषण के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम बार जा रहा था। इस दौरान ग्राम बार रोड में दोनों बुरी तरह से जख्मी हालत में रोड किनारे पड़े मिले, जिन्हें स्थानीय लोगो ने देख आनन फानन में बरमकेला अस्पताल लेकर गए । जहां डाक्टरों ने दोनों जख्मी व्यक्ति यों की दशा को देखते हुए आरम्भिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल रैफर किया है। रवि सारथी व भूषण यादव दोनों शाम 5 बजे मोटरसाइकिल से ग्राम बार रोड की ओर किसी कार्य के सिलसिले में जा रहे थे, जिसमें रवि बस स्टैंड में एजेंट का काम करता है।

मेकाहारा में एनेथेसिया डॉक्टरों का टोटा, रोज टल रही है से आधादर्जन आपरेशन

रायगढ़। जिले में लखीराम मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की सौगत मिलने के बाद भी जिले वरन मेकाहारा में चिकित्सक की कमी बरकरार है। मेकाहारा में एनेथेसिया विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी होने से विगत डेढ़ माह से प्रतिदिन 8 से 10 आपरेशन विभागीय डाक्टर टाल रहे है। इससे मरीजो की जान पर आफत बन रही है। दूसरी तरफ मेकाहारा एमसीआई के दिशा निर्देश का पालन भी नही कर पा रहा है ।

गौरतलब है कि जिला तेजी से इंडिस्ट्रियल हब के दिशा मे आगे बढ़ रहा है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं में यह काफी पिछड़ा हुआ है। जिसमे जिले में जितने स्वास्थ्य केंद्र है उतने तो डाक्टर नही है।

वही मेकाहारा में एनेथेसिया डाक्टरो की कमी होने से मरीज के परिजन मजबूरी वश महंगे इलाज के लिए निजी अस्पताल का रुख कर रहे है।

यहां यह बताना एमसीआई गाइडलाइन के मुताबिक किसी भी मेडिकल कालेज में 18 एनेथेसिया डाक्टरों की टीम होनी चाहिए वही रायगढ़ मेकाहारा का जब से उदय हुआ है तब से महज 11 डाक्टरों ही कार्यरत थे, जिसमें विगत डेढ़ माह में 6 डाक्टरों ने मेकाहारा से खुद को अलग कर लिए है वही कई डाक्टरों द्वारा निजी अस्पताल में अत्यधिक पैकेज में अपनी सेवा देने लगे है। इससे मेडिकल कालेज की व्यव्यस्था पूरी तरह से चरमरा गई, जिसका असर भर्ती मरीजो को उठाना पड़ रहा है। जिसमें रोज 8 से 10 आपरेशन के समय में फेरबदल किया जा रहा है।

4 ओटी 5 डाक्टर रोज 500 से अधिक ओपीडी

मेकाहारा में रोज औसतन 500 से अधिक ओपीडी पर्ची इलाज के लिए काटे जाते है। वही चार ओटी है जिसमे गायनिक ओटी और इमरजेंसी ओटी में 24 घण्टे एनेथेसिया विशेषज्ञ रहना अति आवश्यक है इसके अलावा मेजर ओटी में भर्ती मरीजो का आपरेशन वार्ड विभाजन के अनुसार होता है।

वैलेंटाइन डे पर गुलजार रहा गुलाब दुकान, विरोध के बावजूद हुआ इश्क का इजहार

रायगढ़। वेलेंटाइन डे के दिन फूल गुलदस्ता दुकानों में युवाओं से लेकर सभी वगो की भीड़ देखने को मिला है। शहर में वैलेंटाइन डे वीक से ही लोग वेलेंटाइन डे पर जश्न की तैयारियां जोरों पर कर रहे थे। वही बुधवार गुरुवार वेलेंटाइन डे के दिन गुलाब दुकानों में लोगों की चहलकदमी सबसे अधिक थी यही हाल शहर के सभी फूल दुकान था। इससे फूल का व्यवसाय गुलजार रहा इसके अलावा गिफ्ट होटल से लेकर अन्य संस्थाओं में भी रौनक नजर आई। युवा वर्ग वेलेंटाइन डे के लिए अनोखे अंदाज में इजहार करने के लिए नाना प्रकार के इंतजाम में जुटे थे। इसमें थीम पार्टी से लेकर स्पेशल डिनर तक शामिल है। दूसरी तरफ वेलेंटाइन डे को पाश्चात्य संस्कृति बताकर विरोध करने वाले दल के लोग समाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने चौकसी के बाद भी लोगों ने खुले दिल से इस पर्व को उत्साह पूर्वक मनाए है। सामाजिक संगठनों के विरोध को देखते हुए जिला पुलिस अलर्ट पर थी जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने इलाके में गश्त व सभी तरह की गतिविधियों पर न रखने की हिदायत जिला पुलिस कप्तान ने जारी किया था।

इस मद्देनजर शहर व ग्रामीण अंचलों के विभिन्न स्थानों टाकीज, गार्डन, पिकनिक स्पाट में पुलिस बल किसी भी तरह की असमाजिक हरकतो को रोकने तैनात थी।

गार्डन के इर्दगिर्द चौकन्ना रही पुलिस बल

प्रेम प्रतीक का पर्व में कुछ लोगो का विरोध शुरू से शहर में था। इसको लेकर हर बार की तरह लोग सहमे हुए थे। वही विरोध को देखते हुए जिला पुलिस अंचल के सभी गार्डन, टाकीज व पिकनिक स्पाट में लोगो की भीड़ उमड़ी थी। इसे देखते हुए पुलिस बल उक्त सभी इलाके के इर्दगिर्द गस्त व पेट्रोलिंग कर रही थी।

10 रुपये का गुलाब बिका 20 रुपये में

वेलेंटाइन वीक की शुरुआत होते ही जिले में गुलाब की मांग बढ़ गई थी। जिसे देखते हुए शहर के फूल विक्रेताओं ने बेंगलुरू व कोलकाता से बड़ी मात्रा में विभिन्न रंगों के गुलाब मंगवाए हैं।

पीएचई के पूर्व ईई करसोलिया को चार साल की जेल, एक लाख 10 हजार का जुर्माना भी

रायगढ़। फर्जी टेंडर जारी करने के मामले में पीएचई के पूर्व ईई करसोलिया व संबंधित ठेकेदार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोर्ट ने सजा सुनाई है। ईई को चार साल की कैद एवं 1 लाख 10 हजार का जुर्माना तथा ठेकेदार को 2 साल की कैद व 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

पीएचई में 4 साल पहले हुए टेंडर घोटाले में स्पेशल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत पेश हुए इस केस में तात्कालीन ईई करन सिंह करसोलिया, सहायक ग्रेड 2 सुकलाल एवं ठेकेदार सुधीर पटेल को आरोपी बनाया गया था।

कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

रायगढ़ । रायगढ़ से लैलूंगा की ओर आ रहे रहे खूनी कार ने कया मोड़ के पास फिर एक घर का चिराग छीन लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शाम लगभग 5:30 बजे सीजी 13 यू एफ 7922 की कार ने लैलूंगा घरघोड़ा मार्ग स्थित कया के पास बाइक सवार एक व्यक्ति को ठोकर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम आनंद राठिया निवासी का डुरुमजोर बताया जा रहा है वहीं जिस कार से टक्कर हुई।

आहरण के लिए 40 हजार की लिमिट, 60 किमी का सफर कर वापस लौटे किसान

रायगढ़। अपेक्स बैंक की शाखाओं में धान के पैसे निकालने के लिए किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों के आहरण के लिए अघोषित रूप से 40 हजार की लिमिट लगा देने के कारण किसानों को घंटों लाइन लगाने के बाद भी पूरा भुगतान नहीं मिल पा रहा है और धरमजयगढ़ जैसे इलाके में तो 60 किमी का सफर कर बैंक पहुंचने के बाद किसान वापस लौट रहे हैं।

किसानों से 25 सौ में धान खरीदने के बाद अब अपेक्स बैंक के सामने भुगतान संकट मंडराने लगा है। कर्जमाफी के बाद शासन से फंड नहीं मिलने के कारण बैंक के सामने नोटबंदी की तरह यह संकट आया है लेकिन अफसर आधिकारिक रूप से कुछ बताने से इंकार कर ऑल इज वेल कह रहे हैं। जिले में अपेक्स बैंक के मुख्यालय तो कोई दिक्कत नहीं है लेकिन दूसरी शाखाओं में नकदी की कमी के कारण किसानों के आहरण के लिए लिमिट लगा दी गई है।

अपेक्स बैंक की धरमजयगढ़ शाखा में हजारों की संख्या में किसान पंजीकृत हैं लेकिन बैंक में पैन नंबर धारी किसानों को भी 40 हजार से अधिक की राशि नहीं दी जा रही है। इसलिए धान खरीदी के बाद किसानों के खाते में तो पैसे आ गए लेकिन किसान चाहकर भी इसका आहरण नहीं कर पा रहे हैं। वहीं बैंक में एनईएफटी भी नहीं चलने के कारण किसानों को हलाकान होना पड़ रहा है। धरमजयगढ़ शाखा की ही बात करें तो यहां पर छाल एवं जशपुर जिले की सीमा से लगे दूरस्थ इलाके के किसान 60 किमी का सफर करने के बाद बैंक पहुंच पाते हैं लेकिन यहां आने के बाद किसानों को खाते से पूरा आहरण करने से रोका जा रहा है। जिससे किसानों को बार-बार आकर बैंक में लाइन लगाकर अपनी मेहनत की कमाई निकालनी पड़ रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य सथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित सहायता एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480